कम्प्यूटर

प्रशासकीय कार्यालय, जिला न्यायाधीश, सहारनपुर।

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के परिपत्र संख्या 14/ एडमिन 'डी सैक्शन दिनांकित 15.10.2022 एवं पत्रांक 13858/एडमिन 'डी सैक्शन दिनांकित 01.11.2022 के अनुक्रम में न्यायिक अधिष्ठान से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, अधोलिखित तालिकानुसार तृतीय श्रेणी संवर्ग व चतुर्थ श्रेणी संवर्ग में न्यायिक अधिष्ठान, सहारनपुर में रिक्त पदों पर पुनः नियुक्ति की जानी है। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी तथा एक वर्ष की अवधि के लिये (यदि पूर्व में ही समाप्त न कर दी जाये अथवा प्रोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती न हो जायें) तक की जायेगी। यह नियुक्ति सम्बन्धित कर्मचारी के पूर्व सेवा अभिलेख व वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के आधार पर की जाएगी।

उक्त पदों का वेतनमान सम्बन्धित पद पर आवेदक को मिलने वाले अन्तिम आहरित मूल वेतन जिसमें से पेन्शन की राशि को घटाते हुए, परिलब्धियों के रूप में देय होगा।

आवेदक को अपने प्रार्थना पत्र के साथ, उनके विरुद्ध कोई अपराधिक मामला लम्बित न होने और न ही किसी न्यायालय द्वारा उन्हें दोष सिद्ध किया गया है, सम्बन्धी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। आवेदक को सेवा में पुनर्नियुक्ति हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

आवेदक अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 20.01.2025 की सांय 4 बजे तक प्रशासकीय कार्यालय, जिला न्यायाधीश, सहारनपुर में प्रस्तुत कर सकते हैं।

क्रम सं0	पद का नाम	रिक्तियों की संख्या
1.	तृतीय श्रेणी	53
2.	चतुर्थ श्रेणी	51

विज्ञप्ति सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु नोटिस बोर्ड पर चस्पा हो। सिस्टम अधिकारी, कम्पयूटर अनुभाग, जिला न्यायालय सहारनपुर व माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की आधिकारिक वैबसाइट पर विज्ञप्ति अपलोड करना सुनिश्चित करें।

एक प्रति जिला सूचना अधिकारी, सहारनपुर को व्यापक प्रचार और प्रसार हेतु स्थानीय समाचारपत्रों में निशुल्क प्रकाशनार्थ प्रेषित हो।

03/01/25

दिनांकः 03.01.2025

(ब्रिजेश कुमार शर्मा)
अध्यक्ष, चयन समिति/
अपर जिला जज कक्ष सं0- 01,
सहारनपुर।

PROFORMA-I

Self attested photo

1. Name of the Employee ....
2. Father's/Husband's Name ....
3. Date of Birth ....
4. Date of Retirement ....
5. For the Post of ....
6. Home town with Present Residential Address ....

. . . .

7. Postal Address (For Correspondence) ....
8. Designation / Post last held ....
9. Telephone No. / Mobile No ....
10. E-Mail ID ....

Date:

Signature